# UPITI Admissions 2025

# प्रेस विज्ञप्ति

## ऑनलाइन आवेदन सूचनां सत्र-2025-2026

प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित व्यवसायों एवं टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 149 राजकीय संस्थानों में संचालित हो रहे 11 दीर्घकालीन व्यवसायों में सत्र-2025 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेबसाइट http://www.scvtup.in को खोलना होगा, तथा उस पर बने हुए लिंक "Online Submission of Application for Admission for Session 2025-26" for Government/Private ITI" पर क्लिक कर पहले अपना फार्म भरना होगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन से पूर्व OTP से मोबाइल नम्बर का सत्यापन कराना होगा। फार्म भरने के पश्चात उसे "Preview" वाले पृष्ठ पर अंकित 'Proceed For Payment' के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन भुगतान करना होगा। ऑनलाइन भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग/यू०पी०आई० के माध्यम से किया जा सकता है, जिस हेतु यूनियन बैंक ऑफ इंडिया व स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, के पेमेन्ट गेटवे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आवेदन शुल्क का भुगतान होने पर अभ्यर्थी अपने फार्म का प्रिंट आउट ले सकेगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु 02 दिन (48) घण्टे का समय दिया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी ई-फार्म में वेबसाइट www.scvtup.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकता के अनुसार विवरणी का कोई भाग प्रिंट कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दिनांक: 12.05.2025 से 05.06.2025 रात्रि 12.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

प्रवेश पंजीकरण शुल्क :

(i) सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रू0 250/- (रू० दो सौ पचास मात्र)।

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु शुल्क रू0 150/- (रू० एक सौ पचास मात्र)।

## सूचना एवं सम्पर्क सूत्रः-

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज लखनऊ।

हेल्प डेस्क: 0522-4150500, 7897992063 दूरभाष: 0522-2336115, 9628372929 (वाट्सअप)

ई-मेल: help@admissionscvtup.in, Facebook- SCVTUP, X: SCVTUP, Instagram- SCVTUP,

यूट्यूब - STATE COUNCIL FOR VOCATIONAL TRAINING

Website: www.scvtup.in

(अभिषेक सिंह)
विशेष सचिव,
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग/
अधिशासी निदेशक एस.सी.वी.टी.

UP-233653, Dt. 09.05.2025
Website : www.upgov.nic.in

SarkariResult.Com